(3) कुछ क्षेत्रों में बिजली का बार-बार फेल होना जिसकी वजह से तारों के शीघ्रता से वितरण में अड़चन पैदा होना ;

(4) तारघरों में स्वीकृत संख्या से कम कर्मचारियों का होना और एकाएक कर्मचारियों को अनुपस्थिति, खासकर रविवार छुट्टी के दिन और त्यौहार के अवसर पर ;

(5) त्यौहारों अथवा विवाह-शादियों के अवसर पर परियात में बेहिसाब वृद्धि।

(ग) और (घ) तारों के वितरण में सुधार लाने के लिये निम्नलिखित उपाय किये गये हैं :—

(1) लंबी दूरी के तार सर्किटों के कार्य पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ।

(2) तार सेवाओं के स्तर में जो खामियां देखी जाती है उन्हें मानीटर किया जाता है तथा उसमें सुधार करने के लिये कार्रवाई की जाती है ।

(3) मार्ग में तारों के प्रेषण में विलंब कम करने के लिये तार प्रणाली को अधुनातन बनाने की दृष्टि से कार्रवाई आरंभ की गई । तार प्रणाली में जेनटेक्स तथा स्टोर और फारवर्ड प्रणाली उत्तरोत्तर प्रयोग में लायी जा रही है ताकि मार्ग में प्रेषण में विलंब कम किया जा सके।

(4) स्टेट-बाई पावर सप्लाई व्यवस्था के बतौर तारघरों में चरणबद्ध तरीके से ईंजन आल्टरनेटर दिये जा रहे हैं।

(5) कर्मचारियों की कमी पूरी करने के लिये नियमित कर्मचारियों तथा इसके साथ ही अल्प ड्यूटी स्टाफ की नियुक्ति के लिये कार्यवाई तेज कर दी गई है।

(6) तारों के वितरण तथा प्रेषण में तेजी लाने के लिये कार्य प्रणाली में अनेक परिवर्तन किये गये हैं।

**Strikes in coal mines**

3820. SHRI HANAN MOLLAH:
SHRI MOOL CHAND DAGA:

Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that coal miners were on strike last year and this year;

(b) how many workers participated in the strikes;

(c) what is the daily production capacity of coal mines in the country; and

(d) what was the quantum of production of those days of strike, day-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF COAL IN THE MINISTFY OF ENERGY (SHRI DALBIR SINGH): (a) Yes, Sir, there were two strike, one on 8th November, 1982 and the other from 17th to 19th January, 1983.

(b) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

(c) Average normal daily producing in the Coal Companies under Coal India Limited for the period 17th to 19th January, 1983 is about 3,37,156 tonnes.

(d) The quantum of production on the days of strike are given below:—

| | |
|---|---|
| 8-11-82 | 2,56,900 tonnes |
| 17-1-83 | 2,47,030 tonnes |
| 18-1-83 | 2,46,630 tonnes |
| 19-1-83 | 2,68,404 tonnes |

**Manufacture of Foot and Mouth Vaccine**

3821. SHRI VISHWANATH SHARMA: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether IRVI, BAIF and Hoechst have been manufacturing foot and mouth

vaccine and if so, their production capacities and actual sales of doses for the last 5 years along with estimate of investments;

(b) whether NDDB|IDC has also embarked upon a similar Foot and Mouth Vaccine project involving Rs 25 crores and if so their installed capacity and actual sales of doses;

(c) whether Government are aware that O.F. I due to end in 1975 ended in 1981 and O.F. II is due to end in 1985 and if so the consideration for setting up a fourth factory even though the three existing factories have failed to utilise their installed capacities for want of demand; and

(d) whether Government propose to set up a panel to look into the malfunctioning of NDDB|IDC in Foot & Mouth Project involving huge public funds?

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI VASANT SATHE): (a) Yes, Sir. Production capacity and details of sales are being collected and will be placed on the Table of the House.

(b) Indian Dairy Corporation has been licensed a capacity of 25 million Quadrivalent doses per annum for the manufacture of Foot and Mouth Vaccine. They are in the process of installation of the capacity. The total project cost approved is Rs 18.1 crores.

(c) and (d). Information is being collected and will be placed on the Table of the House.

**प्रभागीय इंजीनियर (टेलीग्राफ) अलीगढ़ के कार्यालय को दूसरे स्थान पर ले जाना**

**3822. श्री दया राम शाक्य :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रभागीय इंजीनियर (टेलीग्राफ) अलीगढ का कार्यालय टेलीफोन एक्सचेन्ज के भवन में ही स्थित है जिसके परिणामस्वरूप इसके गुप्त मामले प्रकट हो जाते है और कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक रूप से दबाव डाला जाता है जिसके कारण उनमें असुरक्षा की भावना बनी रहती है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कर्मचारियों ने कार्यालय को किसी और स्थान पर ले जाने की मांग की है ; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री वजय विजय एन० पाटील) :** (क) यह सच है कि अलीगढ के मंडल इंजीनियर तार का कार्यालय टी आर ए यूनिट को छोड़कर जोकि किराये की इमारत में स्थित है, विभागीय टेलीफोन एक्सचेन्ज की इमारत में है। इससे कार्यालय के कार्य की गोपनीयता भंग नहीं हुई है । कर्मचारियों पर अनावयक रूप से दबाव डालने की कोई विशेष शिकायत नहीं मिली है जिसकी वजह से उनमें असुरक्षा की भावना पैदा हुई हो।

(ख) जी हां।

(ग) अलीगढ के मंडल इंजीनियर तार ने मंडल कार्यालय के लिये किराये के उपयुक्त आवास के वासते दिनांक 7,24 और 31 अक्तूबर, 1982 के स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था, किन्तु कोई उपयुक्त प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। फिर चौथी बार जांच करने पर मंडल कार्यालय को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। कार्यालय के रिकार्ड की सुरक्षा की दृष्टि से वहां के कर्मचारियों को कप बोर्ड और ताले उपलब्ध कराये गए हैं ।